
वर्ष- 02 अंक- 259
छपरा
5 अगस्त मंगलवार 2025
पृष्ठ - 04

दैनिक खोजखबर
खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live




# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन

● आज मैं शून्य हो गया...गुरु जी चले गए:शिबू सोरेन के निधन पर बेटे हेमंत का पोस्ट ● आज दोपहर तीन बजे पैतृक गांव में अंतिम संस्कार

**रांची/नई दिल्ली,एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। वे 81 साल के थे और लंबे समय से बीमार चल रहे थे। उन्होंने दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में अंतिम सांसद ली। उनके बेटे और झारखंड के सीएम हेमंत सोरेन ने इसकी पुष्टि की। उन्होंने एक्स पर लिखा, आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं... इसके साथ ही राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत तमाम लोगों ने शिबू सोरेन के निधन पर दुख जताया।

इस बीच सर गंगा राम अस्पताल की ओर से बताया गया कि शिबू सोरेन को आज सुबह 8:56 बजे मृत घोषित कर दिया गया। लंबी बीमारी के बाद उनका निधन हो गया। वे किडनी की बीमारी से पीड़ित थे और डेढ़ महीने पहले उन्हें स्ट्रोक भी हुआ था। पिछले एक महीने से वे लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे।

बताया गया कि शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर आज शाम छह बजे झारखंड लाया जाएगा। उनका पार्थिव शरीर सबसे पहले रांची के मोरहाबादी स्थित आवास पर लाया जाएगा। मंगलवार सुबह झामुमो के पार्टी कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा। इसके बाद पार्थिव शरीर को झारखंड विधानसभा ले जाया जाएगा, जहां जनप्रतिनिधि और अधिकारी उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। अंतिम संस्कार दोपहर तीन बजे उनके पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा में किया जाएगा। 81 वर्षीय शिबू लंबे समय से अस्पताल में नियमित रूप

## राष्ट्रपति गृहमंत्री, रक्षामंत्री, वित्तमंत्री, कांग्रेस अध्यक्ष समेत तमाम नेताओं ने शिबू सोरेन के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली,एजेंसी।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, पीएम मोदी,गृहमंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे समेत तमाम नेताओं ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।राष्ट्रपति ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए कहा, श्री शिबू सोरेन जी का निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने आदिवासी अस्मिता और झारखंड राज्य के निर्माण के लिए संघर्ष किया। जमीनी स्तर पर काम करने के अलावा उन्होंने झारखंड के मुख्यमंत्री, केंद्रीय मंत्री और सांसद के रूप में भी योगदान दिया। जनता, विशेषकर आदिवासी समुदायों के कल्याण पर उनके ज़ोर को सदैव याद रखा जाएगा।

## दिल्ली के गंगाराम अस्पताल में राष्ट्रपति-पी एम ने दी श्रद्धांजलि

**नई दिल्ली,एजेंसी।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर दिल्ली से रांची लाया जा रहा है। कल यानी मंगलवार को उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। इसमें कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष खड़गे और राहुल गांधी शामिल होंगे।आज शाम को शिबू सोरेन का पार्थिव शरीर एयरपोर्ट से सीधे मोराबादी आवास लाया जाएगा। मंगलवार को रामगढ़ के नेमरा गांव में दोपहर 12 बजे शिबू सोरेन का अंतिम संस्कार किया जाएगा। छोटे बेटे बसंत सोरेन उन्हें मुखाग्नि देंगे।राष्ट्रपति और PM मोदी ने गंगाराम अस्पताल पहुंचकर शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि दी। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे, मीसा भारती, मनोज झा और RJD के कई नेताओं ने भी अस्पताल में परिवार से मुलाकात की।



दिशोम गुरुजी के नाम से प्रसिद्ध सोरेन ने आज सुबह दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में अंतिम सांस ली। वे 81 साल के थे।सोरेन पिछले डेढ़ महीने से अस्पताल में भर्ती थे। उन्हें ब्रेन स्ट्रोक हुआ था। इससे उनके शरीर के बायीं ओर पैरालिसिस हो गया था। वे पिछले एक महीने से लाइफ सपोर्ट सिस्टम पर थे। न्यूरोलॉजी, कार्डियोलॉजी और नेफ्रोलॉजी के डॉक्टरों की टीम उनका इलाज कर रही थी।शिबू सोरेन लंबे समय से किडनी की बीमारी से जूझ रहे थे। वे बीते एक साल से डायलिसिस पर थे। उन्हें डायबिटीज थी और हार्ट की बायपास सर्जरी भी हो चुकी थी।

## धीरेंद्र शास्त्री को महिला तस्कर कहने वाले प्रोफेसर पर एफआईआर



**खजुराहो,एजेंसी।** बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्णा शास्त्री को महिला तस्कर कहने वाले यूपी के प्रोफेसर के खिलाफ FIR दर्ज की गई है। लखनऊ विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर रविकांत ने 31 जुलाई को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट की थी। इसमें लिखा- नॉन बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित छोटा भाई धीरेंद्र शास्त्री धर्म की आड़ में महिला तस्करी कर रहा है।

छतरपुर के बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष सिंह ने बताया कि बागेश्वर धाम जन समिति के धीरेंद्र कुमार गौर ने रविवार देर रात 12 बजे धाम शिकायत की थी। प्रोफेसर के खिलाफ धारा 353(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कराया है। इस धारा के तहत यदि कोई ऐसा बयान देता है, जिससे किसी की भावनाएं आहत होती हैं या घृणा या दुश्मनी पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से झूठी जानकारी, अफवाह या डराने वाली खबरें फैलाने से के चलते ये धारा लगाई जाती है। इसमें 3 साल तक की सजा का प्रावधान है। अभी इन्वेस्टिगेशन चलेगी। वैसे, गिरफ्तारी का प्रावधान नहीं है, लेकिन आवश्यकता पड़ेगी, तो उचित कार्रवाई की जाएगी।

## दिल्ली में कांग्रेस सांसद से चेन छीनी

### DMK सांसद के साथ मॉर्निंग वॉक कर रही थीं

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दिल्ली में कांग्रेस सांसद सुधा रामकृष्णन से चेन छीनने का मामला सामने आया है। घटना सोमवार सुबह 6 बजे तमिलनाडु भवन के पास की है। वे ष्ठरूध्य सांसद रजती के साथ सैर कर थीं, तभी जब स्कूटी पर सवार बदमाश ने घटना को अंजाम दिया।

चेन खींचने की वजह सांसद की गर्दन पर चोट आ गई है। दिल्ली पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। सुधा ने सुधा ने लेटर लिखकर पुलिस, स्पीकर और गृह मंत्रालय को शिकायत की है। गृह मंत्री अमित शाह को लिखे लेटर में कहा, मेरी चार से ज्यादा सॉवरेन (करीब 32 ग्राम) वजन की सोने की चेन खो गई और मैं इस आपराधिक हमले से बहुत सदमे में हूं।

सुधा तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से कांग्रेस की सांसद हैं। अभी संसद के मानसून सत्र में भाग लेने के लिए दिल्ली में हैं।

कुलगाम में लगातार एनकाउंटर जारी

## अब तक 2 आतंकी ढेर, 4 जवान घायल ; रुद्र हेलीकॉप्टर-ड्रोन से आतंकियों की तलाश की जा रही

**श्रीनगर,एजेंसी।** कश्मीर के कुलगाम स्थित अखल के जंगलों में लगातार चौथे दिन सुरक्षाबलों की आतंकियों से मुठभेड़ जारी है। अब तक इस ऑपरेशन में दो आतंकवादी मारे गए हैं। 4 जवान भी घायल हुए हैं। इनमें एक सोमवार सुबह घायल हुआ। जवान को इलाज के लिए श्रीनगर के 92 बेस अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं, जंगल में छिपे हुए और आतंकवादियों का पता लगाने के लिए घेराबंदी बढ़ा दी गई है। सीनियर पुलिस और सेना के अधिकारी ऑपरेशन को अंजाम देने में जुटे हैं। रुद्र हेलिकॉप्टर, ड्रोन, हाई टेक्नीक वाले निगरानी उपकरण और पैरा फोर्सेज को तैनात किया गया है।

कुलगाम में सुरक्षाबलों ने 2 अगस्त को दो आतंकवादियों को मार गिराया था। दोनों के शव भी बरामद हुए। इनमें एक आतंकी की पहचान पुलवामा के हारिस नजीर डार के रूप में हुई। हालांकि, दूसरे का नाम सामने नहीं आया है।

हारिस सी-कैटेगरी का आतंकी था। वह उन 14 लोकल आतंकियों की लिस्ट में था, जिनके नाम खुफिया एजेंसियों ने पहलगाम हमले के बाद 26 अप्रैल को जारी किए थे। उसके पास से एके-47



राइफल, मैगजीन और ग्रेनेड और गोला-बारूद बरामद हुए थे।

कुलगाम में सर्च ऑपरेशन के दौरान आतंकियों ने फायरिंग की एक अधिकारी ने बताया कि इलाके में आतंकी गतिविधि की गुप्त सूचना मिलने के बाद 1 अगस्त की शाम में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया था। इस दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद मुठभेड़ शुरू हो गई। जंगल में कुल कितने आतंकी छिपे हैं, इसकी जानकारी अब तक सामने नहीं आई है।

जम्मू-कश्मीर में एक हफ्ते के भीतर यह तीसरी मुठभेड़ है। इससे पहले, 28 जुलाई को सुरक्षाबलों ने ऑपरेशन महादेव के तहत, लिडवास के जंगलों में पहलगाम हमले में शामिल 3 आतंकियों को मारा था। 31 जुलाई को पुंछ में LoC के पास दो और आतंकी घुसपैठ के दौरान मारे गए थे।

# सुप्रीम का राहुल से सवाल:कैसे पता चीन ने जमीन हड़पी पुख्ता जानकारी क्या है, सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते

**नई दिल्ली,एजेंसी।** कोर्ट ने पूछा- आपको कैसे पता चला कि चीन ने भारत की 2000 वर्ग चरू जमीन पर कब्जा कर लिया है, विश्वसनीय जानकारी क्या है, अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते।

### कोर्ट ने कहा-

जब सीमा पार संघर्ष चल रहा हो, तो क्या आप ये सब कह सकते हैं। आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते? आप (राहुल गांधी) विपक्ष के नेता हैं, संसद में बोलें, सोशल मीडिया पर नहीं बोले।

इसके साथ, सेना पर आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में लखनऊ की कोर्ट में राहुल के खिलाफ चल रही कार्रवाई पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी। कोर्ट ने इस मामले में शिकायतकर्ता (उदय शंकर श्रीवास्तव) और यूपी सरकार को नोटिस भेजा है।

**पहले पूरा मामला समझिए** : 16 दिसंबर 2022 में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान राहुल ने विवादित बयान दिया था। कहा था- लोग भारत जोड़ो यात्रा के बारे में



पूछेंगे, लेकिन चीन ने 2000 वर्ग किमी भारतीय जमीन कब्जा की है, 20 भारतीय सैनिक मारे गए और हमारे सैनिकों को अरुणाचल में पीटा जा रहा है। राहुल के बयान पर बॉर्डर रोड ऑर्गेनाइजेशन (BRO) के पूर्व निदेशक उदय शंकर श्रीवास्तव ने लखनऊ की एमपी एमएलए कोर्ट में मानहानि केस दर्ज कराया था। इसी साल 29 मई को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने गांधी की याचिका खारिज कर दी थी और समन भेजा था। गांधी ने समन और शिकायत को चुनौती दी थी। कहा यह दुर्भावनापूर्ण तरीके से और बदनीयती के तहत शिकायत दर्ज की गई थी।

### 3 अप्रैल 2025 : राहुल का दावा- चीन ने हमारी 4 हजार वर्ग किमी जमीन कब्जाई

3 अप्रैल को लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने भारत-चीन के राजनयिक संबंधों की 75वीं सालगिरह के जश्न को लेकर सरकार को घेरा था। उन्होंने कहा था कि चीन हमारे 4 हजार वर्ग किमी इलाके पर कब्जा करके बैठा है, लेकिन मुझे यह देखकर आश्चर्य हुआ कि हमारे विदेश सचिव (विक्रम मिस्री) चीनी राजदूत के साथ केक काट रहे थे। लोकसभा में शून्यकाल के दौरान राहुल ने कहा था कि हम सामान्य स्थिति के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन उससे पहले हमें अपनी जमीन वापस मिलनी चाहिए।

## राहुल गांधी भारतीय नहीं, पाक-बांग्लादेशी सोच के हैं : डॉ. हिमंत बिस्व सरमा



**तामुलपुर (असम),एजेंसी।** असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर करारा हमला करते हुए उन्हें भारत विरोधी बताया और आरोप लगाया कि उनकी सोच भारतीय मूल्यों की बजाय पाकिस्तान और बांग्लादेश की मानसिकता से मेल खाती है। मुख्यमंत्री ने सोमवार को बोडोलैंड टेरिटोरियल रीजन (बीटीआर) के तामुलपुर में भाजपा की एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा, राहुल गांधी भारत के हिंदुओं और मुसलमानों के साथ नहीं हैं। वह भारत के साथ नहीं हैं। यह बयान उस वक्त आया जब भाजपा 'बीजेपी फार प्रोग्रेसिव बीटीआर' नामक अभियान के तहत बीटीआर क्षेत्र के चारों जिलों - कोकराझाड़, बाक्सा, चिरांग और उदालगुड़ी में सघन जनसंपर्क कर रही है। इस चुनावी अभियान की अगुवाई स्वयं मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष दिलीप सैकिया कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के बयान का समर्थन करते हुए अन्य भाजपा नेताओं ने कांग्रेस पर सीएए और बेदखली अभियान का विरोध कर अतिक्रमणकारियों को प्रोत्साहित करने और क्षेत्र में अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया। पार्टी की सख्त बेदखली नीति को विशेष रूप से अतिक्रमण प्रभावित क्षेत्रों में व्यापक जनसमर्थन मिल रहा है। उदालगुड़ी जिले में मुख्यमंत्री के रोड शो में भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान उन्हें नागरिक अधिकार सुरक्षा मंच जैसे संगठनों और हास्य कलाकार बुलबुल शर्मा का समर्थन भी मिला, जिन्होंने भाजपा की स्थानीय लोगों के

# कोलकाता में हिंदू युवती से लगवाए अल्लाह-हू-अकबर के नारे, वीडियो वायरल

### मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद भाजपा हुई हमलावर

**कोलकाता,एजेंसी।** दक्षिण कोलकाता स्थित प्रसिद्ध रवींद्र सरोवर के पास रविवार शाम कुछ मुस्लिम युवतियों ने अल्लाह हू अकबर का नारा लगाते हुए एक हिंदू युवती से भी यह नारा लगवाने के लिए बाध्य करने की कोशिश की। वहीं इसका विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई। इस घटना का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद बंगाल की राजनीति में हलचल मच गई है। हालांकि, इस वीडियो की आधिकारिक पुष्टि नहीं हो सकी है और हम इसकी पुष्टी नहीं करते है।

इस दो मिनट नौ सेकंड के वायरल वीडियो में एक युवती ने दावा किया कि रविवार की शाम वह अपने कुछ दोस्तों के साथ रवींद्र सरोवर घूमने गई थीं। वहां मुस्लिम समुदाय के एक समूह ने धार्मिक नारे लगाने शुरू किए और उन्हें भी ऐसा करने को कहा। युवती के मना करने पर उसे कथित रूप से पीटा गया, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस और कहासुनी हुई। वीडियो में युवती पूछती है, हम कहां रह रहे हैं? क्या यह बांग्लादेश है? क्या हम ढाकुरिया लेक भी नहीं जा सकते? वहीं, इस वीडियो पर प्रतिक्रिया देते हुए मेघालय के पूर्व राज्यपाल तथागत रॉय ने सोशल मीडिया पर लिखा, गंभीरता से पूरा वीडियो देखें। अपनी जान, सम्मान और सबसे बढ़कर हिंदू अस्मिता की रक्षा के लिए घृणा करना सीखना होगा। कम्युनिस्ट वर्ग संघर्ष की घृणा सिखाते हैं, मुसलमान गैर-मुस्लिमों और मूर्ति-पूजकों के प्रति घृणा सिखाते हैं। इसका प्रतिकार भी प्रतिघृणा से ही हो सकता है, गांधीवादी नपुंसक अहिंसा से नहीं।

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रवक्ता देवजीत सरकार ने भी वीडियो साझा करते हुए कहा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस (तृणमूल कांग्रेस) के शासन में मिनी पाकिस्तान में आपका स्वागत है। कोलकाता के मेयर पहले ही आगाह कर चुके थे कि यह शहर मिनी पाकिस्तान बनता जा रहा है, आधे राज्य में उर्दू बोली जा रही है। रविवार शाम को एक युवती ने ढाकुरिया में इसका सामना किया - एक सार्वजनिक स्थान पर जिहादी नारेबाजी का विरोध करने पर उसे निशाना बनाया गया।

इस घटनाक्रम पर अब तक कोलकाता पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है, लेकिन सोशल मीडिया पर मामले को लेकर लोगों की तीखी प्रतिक्रियाएं देखी जा रही हैं। कई लोगों ने घटना की निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## बीएसएफ ने दो तस्करों को गिरफ्तार कर पकड़ी हेरोइन, ड्रोन किया बरामद

**चंडीगढ़,एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने सीमावर्ती जिला तरनतारन में पाकिस्तान की ड्रोन गतिविधियों को निष्क्रिय बनाते हुए गांव कलसियां से दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। बीएसएफ ने इनके कब्जे से 610 ग्राम हेरोइन बरामद की है। बीएसएफ प्रवक्ता के अनुसार बीती शाम बीएसएफ ने अपने स्तर पर तरनतारन तथा फिरोजपुर सेक्टर में पंजाब पुलिस के साथ मिलकर सर्च अभियान चलाया। इस दौरान फिरोजपुर में बीएसएफ व पंजाब पुलिस ने एक डीजेआई माविक 3 क्लासिक ड्रोन बरामद किया। वहीं गांव कलसियां के समीप से दो तस्करों को दबोचा। इनके पास से 610 ग्राम हेरोइन बरामद की है। इससे पहले, पंजाब पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में, तरनतारन के नूरवाला के पास एक प्लास्टिक कंटेनर से 755 ग्राम हेरोइन जब्त की गई थी। बीएसएफ के अनुसार लगातार बरामदियां सीमा पार से मादक पदार्थों की तस्करी के प्रयासों को विफल करने में बीएसएफ की सतर्कता, सटीक खुफिया जानकारी और पंजाब पुलिस के साथ निर्बाध समन्वय को दर्शाती हैं।

# कांवड़ियों की गाड़ी में दौड़ा करंट,तालाब में कूदे, 5 की मौत

## भागलपुर में थाने के बाहर हंगामा ; एसडीओ बोले- यहां से हटिए नेता मत बनिए

**भागलपुर,एजेंसी।** भागलपुर में सुल्तानगंज के करीब रविवार देर रात हुए एक हादसे में 5 कांवड़ियों की मौत हो गई। 4 घायल हैं, जिन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल कांवड़िए अभिषेक ने बताया, 9 लोग पिकअप से गंगा स्नान के लिए सुल्तानगंज जा रहे थे। वहां से जल भरकर जेठौर नाथ मंदिर में पूजा करने वाले थे।

शाहकुंड-सुल्तानगंज सड़क पर बेलथू के महतो स्थान के पास ऑटो रिक्शा को ओवरटेक करते समय पिकअप में करंट फैल गया। बचने के लिए वे 30 फीट नीचे पानी में कूद गए। ऊपर से उनके ऊपर गाड़ी



गिर गई।

सभी मृतक एक ही गांव के रहने वाले थे। घटनास्थल पर मृतकों के चप्पल और कपड़े बिखरे पड़े हैं। जल भरने के लिए ले जा रहे 5 डब्बे भी घटनास्थल पर पड़े हुए हैं।

**थाने के सामने लोगों ने किया हंगामा :** हादसे के बाद लोगों ने सड़क जाम कर दिया। शाहकुंड थाने के मेन गेट पर शवों को रखकर जाम कर दिया। थाने के सामने आगजनी भी की। SDO विकास और DSP नवनीत कुमार मौके पर पहुंचे।

इस दौरान उन्होंने लोगों को समझाने की कोशिश की, लेकिन लोग हंगामा करने लगे। जिसके बाद SDO ने कहा- शांत रहिए, नेता नहीं बनिए। घटना किसी के साथ भी हो सकती है। मौके पर सुल्तानगंज से जदयू विधायक प्रोफेसर ललित नारायण मंडल और सामाजिक कार्यकर्ता अजीत कुमार यादव सहित कई जनप्रतिनिधि भी पहुंचे।

साढ़े 5 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस और प्रशासन ने जाम खुलवाया। इसके लिए भागलपुर से पुलिस फोर्स बुलाया गया था।

## हिमाचल में कार हादसे में 3 युवाओं की मौत,2 की हालत नाजुक सेब की ग्रेडिंग-पैकिंग करते थे मृतक, सीएम सुक्खू ने जताया शोक



देवदत्त | यशपाल | यशवंत

**मंडी,एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश में मंडी जिला के सराज में जंजैहली-छतरी मार्ग पर रविवार देर रात एक ऑल्टो कार दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस हादसे में मंडी के 37 से 39 साल से 3 लोगों की मौत हो गई, जबकि 2 गंभीर रूप से घायल हैं। दोनों घायलों को जंजैहली अस्पताल प्राथमिक उपचार देने के बाद नेरचौक मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। दोनों की हालत नाजुक बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, यह हादसा रविवार देर रात हुआ। मगर पुलिस को इसकी सूचना आज सुबह उस वक्त मिली, जब यहां से गुजर रहे किसी स्थानीय व्यक्ति ने सड़क का डंगा धंसा हुआ देखा। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को जंजैहली अस्पताल लाया गया। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस ने खाई से तीनों मृतकों के शवों का निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए जंजैहली अस्पताल पहुंचाया। पोस्टमॉर्टम के बाद तीनों के शव परिजनों को सौंपे जाएंगे।

**मंडी के तीनों मृतक और घायल :** इस हादसे में देवदत्त (37) पुत्र संगत राम निवासी गगन छतराड़ी, यशपाल (38) पुत्र गंगराम निवासी छतराड़ी और मंगलचंद (39) पुत्र धनसिंह निवासी तराला मंडी की मृतक के रूप में पहचान हुई है, जबकि लुदेर सिंह (34) पुत्र इंद्र सिंह निवासी गगन छतराड़ी और ड्राइवर गुमान सिंह (32) पुत्र निवासी कल्यांजू छतराड़ी घायल हुए हैं।

## कॉलेज के प्राचार्य और अध्यक्ष पर कार्रवाई के लिए डीएम को दिया आवेदन

**छपरा।** पंडित जवाहरलाल नेहरू कॉलेज मढौरा के प्राचार्य और अध्यक्ष पर कार्रवाई को लेकर डीएम के यहां एक व्यख्याता ने आवेदन दिया है। इसके साथ अपने लंबित वेतन एवं अनुदान का भुगतान कराने का भी गुहार लगाया है। अपने आवेदन मे अरूण कुमार सिंह ने डीपीओ माध्यमिक शिक्षा, छपरा के पत्रांक -1157 का भी हवाला दिया है। जिसमें जिला कार्यक्रम पदाधिकारी द्वारा आवेदक के आरोप पर प्राचार्य और अध्यक्ष के कार्यकलाप की जांच की गई है। डीपीओ ने प्राचार्य पर नियम और निदेश का अनुपालन नहीं करने का आरोप लगाया है। डीपीओ के इस जांच रिपोर्ट के साथ आवेदक ने डीएम को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है ।

## शिवानी ने मढ़ौरा बीईओ का ग्रहण किया पदभार



**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा(सारण)।** ग्रामीण विकास पदाधिकारी शिवानी ने मढ़ौरा प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का पदभार ग्रहण किया । सोमवार को बीआरसी कार्यालय में सेवानिवृत बीइओ से नव पदस्थापित अधिकारी सुश्री शिवानी ने प्रभार के उपरांत बीआरसी के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया और प्रखंड के सरकारी स्कूलों की जानकारी प्राप्त की। बता दे कि मढ़ौरा के निवर्तमान बीईओ मदन मोहन साह बीते 31 जुलाई को सेवानिवृत हो गए थे, इसके बाद यह पद रिक्त था। आरडीओ अधिकारी शिवानी का प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के रुप में प्रतिनियोजन पर शिवानी ने सोमवार को मदन मोहन साह से अपना प्रभार प्राप्त कर लिया। इस मौके पर उपस्थित शिक्षक प्रमोद सिंह समेत अन्य कार्यालय कर्मियों ने नव पदस्थापित प्रभारी बीईओ सुश्री शिवानी को बुके देकर स्वागत किया। मढ़ौरा बीईओ के पद पर पदस्थापित शिवानी ने बताया कि वे सरकारी विधालयों में शैक्षणिक गतिविधियों को बेहतर बनाने का कार्य करेगी। शिक्षक समय से विधालय पहुंचे और बच्चे प्रतियोगी बने इस दिशा में काम करेगी।विधालय में बच्चों को दी जाने वाली एमडीएम की गुणवत्ता अच्छी रहे और मेनू के अनुसार हो इस पर नजर रखी जाएगी।

## अमरदह गांव के युवक की बेंगलुरु में हुई मौत

**इसुआपुर(सारण)।** थाना क्षेत्र के अमरदह गांव के स्वर्गीय शिवनाथ राम का 25 वर्षीय पुत्र मृतक सुरेश राम की मृत्यु बंगलुरू में हो गई है. स्वजनों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक सुरेश राम एक महीना पहले अपने मौसेरे भाई मढ़ौरा थाना क्षेत्र के जोधौली गांव के राजबंशी राम का पुत्र मुन्ना राम के पास राजमिस्त्री का काम करने के लिए गया था.मृतक सुरेश राम बेंगलुरु जिला के एनेकल थाना क्षेत्र स्थित एस टी सी कॉलोनी में रहकर राजमिस्त्री का काम करता था। जो पत्नी को घर छोड़कर एक महीना पहले बेंगलुरु काम करने के लिए गया था. जहां रविवार की संध्या मुन्ना राम ने शराब पीकर सुरेश राम से मारपीट करना शुरू किया और देर रात शराब के नशे में धूत मुना राम ने सुरेश राम की हत्या कर दी. वही एनेकल थाना पुलिस लाश को कब्जे में कर हत्यारा मुना राम को पुलिस रियासत में ले ली है। स्वजनों ने बताया कि मृतक सुरेश राम की शादी लगभग डेढ़ साल पहले करिश्मा देवी से हुई थी। मृतक की पत्नी 7 महीने की गर्भवती बताई जाती है. पत्नी करिश्मा देवी का रो-रो कर बुरा हाल है कि अब मेरे जीवन यापन कौन करेगा.

## शराब के दो कारोबारियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** मांझी थाना पुलिस ने भलुआ स्कूल के पास से शराब के दो कारोबारियों को गिरफ्तार कर लिया,साथ ही तस्करी में उपयोग होने वाली बाइक को भी जब्त कर लिया।गिरफ्तार दिनों कारोबारी सगे भाई क्रमशः कटोखर गांव निवासी विश्वजीत चौधरी का पुत्र दुर्गेश कुमार चौधरी तथा सुमित कुमार चौधरी बताए जाते हैं। थानाध्यक्ष अविनाश कुमार झा ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि भलुआ से एकमा जाने वाले रास्ते से शराब के कारोबारी बाइक पर शराब लादकर ले जा रहे हैं।सूचना के आधार पर पुअनि अनिल कुमार के नेतृत्व में भलुआ स्कूल के पास वाहन चेकिंग लगाया गया। वाहन जांच के दौरान एक बाइक पर दो युवक आते दिखे। पुलिस पदाधिकारियों ने वाहन को रोकने का प्रयास किया तो चालक वाहन को लेकर तेजी से भागने का प्रयास किया। हालांकि पुलिस कर्मियों ने बाइक सवार को पकड़ कर जांच किया तो गाड़ी के डिक्की के अंदर दस लीटर देशी शराब तथा बाइक पर बैठे कारोबारी के पास से सफेद रंग के डब्बा में दस लीटर देशी शराब बरामद किया गया। शराब बरामद होने पर दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया। इस मामले में दोनों के खिलाफ कानूनी कारवाई की जा रही है।

## 24 घंटे का अखंड अष्टयाम संपन्न

**दैनिक खोज खबर/मांझी(सारण)।** प्रखंड के चेफुल शिव मंदिर परिसर में आयोजित 24 घंटे का अखंड अष्टयाम रविवार को संपन्न हो गया। अष्टयाम के समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में छोटे-बड़े और बुजुर्गो की भारी भीड़ देखी गई। सभी श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। इसी दिन रात्रि में मंदिर परिसर में सुप्रसिद्ध गायक बिजेंद्र गिरी द्वारा भक्तिमय गीतों का कार्यक्रम भी आयोजित किया गया था पर बारिश के कारण कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया।

अष्टयाम के अवसर पर शुक्रवार की सुबह विशाल कलश यात्रा निकाली गई थी। इस यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया था। कार्यक्रम में दुखन लाल श्रीवास्तव यजमान के रूप में उपस्थित रहे। इसके अलावा सुनील तिवारी, नीरज तिवारी, छोटेलाल प्रसाद, प्रभु साह तथा सरपंच उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।



# गंगा, सरयू और सोन नदी में उफान, तटीय इलाके जलमग्न

### दियारा के तीनो पंचायतों का आरा-छपरा ब्रिज से संपर्क टूटा

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** सारण जिले में गंगा, सरयू यानि घाघरा और सोन तीनों नदियां उफान पर है।आसपास के इलाके पर बाढ़ का खतरा मंडराने लगा है। छपरा से सोनपुर तक गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं। सारण जिला के सदर प्रखंड अंतर्गत दियारा एवं तटीय इलाके जलमग्न हो गए है। सदर प्रखंड के दियारा के रायपुर बिंदगांवां ,कोटवापट्टी रामपुर ,बरहरा महाजी पंचायत के कइ गांवों का आरा छपरा ब्रिज से संपर्क भंग हो गया है। लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है।वहीं तटीय इलाके के सभी घाटो में गंगा खतरे के निशान से ऊपर बह रही हैं, लिहाजा चिरांद के दलितङ्कमहादलित बस्ती में बाढ़ का पानी प्रवेश कर गया है। भैरोपुर पंचायत के तटीय इलाके में लोगों के घरों के आसपास पानी आ गया है, डुमरी पंचायत के सिंगही मूसेपुर पंचायत के नेहाला टोला पिपरा टोला पूर्वी बलूआं आदि जगहों पर बाढ़ का पानी आ गया है। अवतार नगर थाना से बोधा छपरा तक एमएच के किनारे गंगा नदी का पानी पहुंच गया है। दियारा और तटीय इलाके में मक्का तथा सब्जी की फसल नष्ट हो गई मवेशियों के चरागाह डूब गए।वाराणसी गाजीपुर बक्सर मे गंगा का जलस्तर अभी भी बढ़ रहा है।

**श्मशान घाट पानी में डूबा, एनएच किनारे शव दाह** – बाढ़ के कारण के डोरीगंज का श्मशान घाट पिछ्ले पन्द्रह दिनो से जलमग्न है, लिहाजा फिलहाल शवों का दाह संस्कार तिवारी घाट में हो रहा है। वह भी अब डूबने के कगार पर हैं। अब लोग एनएच-19 किनारे पर ही शव दाह के विवश होंगे।

## गड़खा थानाध्यक्ष की कार्यशैली से परेशान प्राचार्य ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

**गड़खा/छपरा (सारण)।** गड़खा थानाध्यक्ष की कार्यशैली से परेशान प्राचार्य ने पुलिस अधीक्षक सारण को शिकायत दर्ज कराया है। इस संबंध में देवराहा बाबा श्रीधरदास इंटर कॉलेज कदना गड़खा के प्राचार्य प्रो. कामेश्वर यादव द्वारा बताया गया कि सारण के आरक्षी अधीक्षक कुमार आशीष को 14 जुलाई 25 को एक आवेदन दिया गया है, जिसमे उन्होंने गड़खा थानाध्यक्ष के आम जनों के परेशान करने वाली कार्यशैली एवं रवैए से अवगत कराया है। महाविद्यालय में उत्पन्न समस्या के समाधान को लेकर गड़खा थानाध्यक्ष को 12 जुलाई 25 को प्राथमिकी दर्ज करने से संबंधित प्रति दिखाते हुए कहा कि जब हमने प्राथमिकी दर्ज करने का आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज करने को कहाङ्क तब उन्होंने प्राथमिकी दर्ज करने से इंकार कर दिया और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए डांट कर भगा दिया। इस घटना की चर्चा करते हुए प्राचार्य प्रो. कामेश्वर यादव ने पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में दिनांक 14 जुलाई 25 को आवेदन देकर थानाध्यक्ष शशि रंजन की कार्यशैली एवं हिटलरशाही से अवगत कराया। आरक्षी अधीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थानाध्यक्ष शशि रंजन को पत्रांक 7242/25 दिनांक 17 जुलाई 25 को प्राथमिकी दर्ज करने को आदेशित किया। जब प्राचार्य प्रो. कामेश्वर यादव ने थानाध्यक्ष से मिलकर अपनी समस्या का समाधान करने का आग्रह किया तो अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए डांट कर भगा दिया। प्राचार्य द्वारा इस घटना की जानकारी पत्रकारों को दी गयी। इस संबंध में थानाध्यक्ष से घटना की जानकारी लेने का प्रयास किया गया किंतु बात नहीं हो सकी।

## बैठक : लगातार हो रहे वर्षापात को लेकर सभी अंचलाधिकारियों को अलर्ट रहने का निर्देश

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** रविवार को जिलाधिकारी अमन समीर ने समाहरणालय सभागार में साप्ताहिक समन्वय बैठक की। विगत कुछ दिनों से जारी वर्षापात एवं आगामी कुछ दिनों के फोरकास्ट को देखते हुये सभी अंचलाधिकारियों को अलर्ट रहने को कहा गया। सभी प्रखंडों के वरीय प्रभारी पदाधिकारियों को बुधवार एवं शनिवार को प्रखंड में जाकर अंचलाधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर वर्षापात को लेकर स्थिति के संदर्भ में फीडबैक प्राप्त करने को कहा गया। सभी अनुमण्डल पदाधिकारी स्थिति पर सतत निगरानी रखेंगे। जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशु चारा की व्यवस्था सुनिश्चित रखने को कहा गया। सिविल सर्जन को जल जनित बीमारियों की आवश्यक दवाओं, सर्प दंश की दवा की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रखने का निर्देश दिया गया।



नगर निकायों में जलजमाव की स्थिति में अतिरिक्त वाटर पम्पसेट की व्यवस्था कर जलनिकासी सुनिश्चित कराने को कहा गया। सभी जगह नियंत्रण कक्ष क्रियाशील कर वाटर लॉगिंग से संबंधित समस्या की जानकारी प्राप्त करने तथा सूचना मिलने पर इसका त्वरित निवारण सुनिश्चित करने को कहा गया। निर्वाचन से संबंधित तैयारी को लेकर सभी सम्बंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिया गया। कर्मिकों का डेटाबेस फाइनल करने को कहा गया। मिश्रित कर्मियों (पुरुष एवं महिला) वाले मतदान केंद्र को चिन्हित कर सूची तैयार करने का ननिर्देश सभी आरओ को दिया गया। कोषांग गठन एवं सेक्टर पदाधिकारी की नियुक्ति का आदेश शीघ्र निर्गत किया जायेगा। सभी मतदानकेन्द्र पर उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं (ए एम एफ) का भौतिक सत्यापन सुनिश्चित कराने को कहा गया।

मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली में लीव मैनेजमेंट, कैडर मैपिंग, सर्विस वेरिफिकेशन आदि मॉड्यूल का उपयोग शत प्रतिशत कार्यालयों को सुनिश्चित करने को कहा गया। न्यायालय में संचालित वादों के संदर्भ में ससमय तथ्य विवरणी दायर करने का निर्देश सभी संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। बैठक में उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्त्ता, नगर आयुक्त, जिला लोकशिकायत निवारण पदाधिकारी, अपर समाहर्त्ता विभागीय जाँच सहित सभी विभागों के जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी आदि जुड़े थे।



## विशाल पेड़ गिरा, दबकर एक व्यक्ति की हुई मौत

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के सुकसेना में एक पीपल के पेड़ गिरने से उससे दबकर व्यक्ति की मौत हो गयी। सूचना पर मढ़ौरा पुलिस ने घटना की जांच करते हुए शव पोस्टमार्टम हेतू सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है सुकसेना निवासी मुन्नी महतों रविवार की दोपहर एक बजे खेत की तरफ जा रहे थे। इसी क्रम में रास्ते में स्थित पीपल का विशाल पेड़ अचानक से गिर गया। इसके चपेत में आकर उससे दबकर मुन्ना महतों की मौके पर ही मौत हो गयी। इसकी सूचना मृतक के परिजनों को दिया तो सभी घटनास्थल पर पहुंचे पेड़ के नीचे दबे शव को निकाला गया।

## घर के अलमीरा तोड़ नगदी और आभूषण की चोरी

**मढ़ौरा(सारण)।** थाना क्षेत्र के नौतन में बिती रात अज्ञात चोरों ने एक घर में प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजान दिया। घर से सोने चांदी के गहने और नकद सत्तर हजार रुपये चोरी करके फरार हो गए। चोरी का अंदेशा होने पर घर के मालिक राजेश कुमार सिंह ने शोर मचाना शुरु किया तो आसपास के लोग जुटे। सूचना पर डायल 112 की पुलिस टीम पहुंची और मामले की जांच की । पीड़ित गृह स्वामी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि रात के करीब एक बजे उसे घर के अंदर से कुछ बजने की आवाज सुनाई दी। वह जग कर बाहर निकला तो कुछ चोर उसके घर के पीछे से निकले। वह चिल्लाया लेकिन चोर फरार हो गये। हल्ला सुनकर आसपास के लोग जुट गये इस और डायल 112 की पुलिस टीम को सूचना दी। पुलिस के सामने कमरे को देखा गया तो दो कमरे के गोदरेज को तोड़ा गया था।उसमें रखे सोना चांदी के आभुषण व नकदी 70 हजार रुपये की चोरी कर ली गई थी।

## अंतिम सोमवारी को शिवालयों की ओर उमड़े शिवभक्त

**दैनिक खोज खबर/जलालपुर(सारण)।** प्रखंड के विभिन्न शिवालयों में सावन के अंतिम सोमवारी को ले जलाभिषेक व पूजा अर्चना करने के लिए सुबह से ही शिव भक्त उमड़ पड़े।प्रखंड के सम्होता स्थित पयहाड़ी बाबा धाम मंदिर में नील कंठेश्वर महादेव के शिवलिंग पर जल चढ़ाने व पूजा अर्चना करने के लिए लोगों की भीड़ दोपहर बाद तक लगी रही।ग्रामीण व शोध के विद्यार्थी सूजीत दूबे बताते है कि ऐसे आख्यान व मान्यता है कि विश्वामित्र जी के साथ भगवान राम व लक्ष्मण भी यहाँ जल चढाए थे। यहां सावन मे जल चढाने व पूजा अर्चना करने से शिव भक्तो की हर मनोकामना पूर्ण हो जाती है।वही कुमना के कुंभज ऋषि तपोस्थली स्थित जलेश्वर बाबा मंदिर में भी भक्तों की भाड़ी भीड़ दिखी।हरपुर शिवालय के ओमेश्वर नाथ मंदिर के शिवलिंग पर जल चढ़ाने के लिए शिव भक्तों की लंबी कतार दिखी।वही देवरिया, अनवल, पियानो कोपा बसडीला,बनकटा हसुलाही मंगोलापुर मठिया मिश्रवलिया बिशनपुरा संवरी के शिवालयो को आकर्षक ढंग से सजाया गया था।सभी शिवालयो मे देर संध्या तक शिव भक्त पूजा अर्चना करते दिखे।दिन भोले बाबा से जुड़े कारण प्रिय गीतों से वातावरण शिव में बन गया था। सम्होता,कुमना,हरपुर शिवालय में मेला का भी आयोजन किया गया।

## बभनगावा शिवमंदिर में जलाभिषेक को लेकर निकाली गई कलश शोभायात्रा

**दैनिक खोज खबर/परसा (सारण)।** चौथी व अंतिम सोमवारी को लेकर परसा प्रखंड के बभनगावा शिवमंदिर में जलाभिषेक को लेकर श्रद्धालु भक्तगनों के द्वारा एक भव्य कलश शोभायात्रा निकाली गई।कलश शोभायात्रा में दर्जनों डीजे बैंड के साथ हजारो की संख्या में श्रद्धालु भक्तगण लाल पीले वस्त्र में शामिल थे। कलश शोभायात्रा पवित्र मंदिर स्थल से बलहा, बलिगांव बांध के रास्ते,मुराही, हसनपुरा, भाथा होते हुए रेवाघाट गंडक नदी तट पहुची जहा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरी कराई गई। और पुनः कलश शोभायात्रा बांध के रास्ते बभनगावा शिवमंदिर स्थल पहुची । इस दौरान हर हर महादेव,भगवान शिव के नारे से पूरा माहौल भक्तिमय सा हो गया। कलश शोभायात्रा में महंथ जयरामजी महाराज,प्रिंस कुमार सिंह,अभिषेक सिंह,राहुल सिंह,रिंकू सिंह,अजय कुमार सिंह,रमेश सिंह,शैलेन्द्र सिंह,गोबर्धन सिंह,वकील राय,महेंद्र राय,अनिल कुमार,मिथलेश कुमार,शिव कुमार सिंह,सहित कई लोग शामिल थे ।

## मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर नाकाली गई भव्य कलश यात्रा

**दैनिक खोज खबर /भेल्दी(सारण)।**अमनौर प्रखण्ड के जाफरपुर गांव में ब्रम्हबाबा के मंदिर व मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश यात्रा निकाली गई।गाजे-बाजे के साथ निकाली गई कलश यात्रा में सैकड़ों नर-नारियों ने भाग लिया।कलश यात्रा यज्ञ स्थल से शुरू होकर पूरे जाफरपुर गांव का परिभ्रमण कर जाफरपुर ब्रम्हस्थान पर पहुंच आचार्य अजय कुमार त्रिपाठी के



वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पवित्र गंगाजल की जलभरी की गई।कलश यात्रा में जय माता दी के जयघोष से पूरा वातावरण गुंजायमान हो उठा।कलश यात्रा में सूबे के सूचना व प्रसार प्रौद्योगिकी मंत्री कृष्ण कुमार मंटू,कटसा मुखिया गौतम कुमार साह,सरपंच रामप्रवेश ठाकुर,बीडीसी प्रतिनिधि पिण्टु राय,पशुपति सिंह उर्फ हाला सिंह,अजीत कुमार,नीरज कुमार,सुजीत कुमार,संजय शर्मा,पप्पु कुमार आदि शामिल थे।

## तैयारी – समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया 10 अगस्त को 9 राज्यों की 70 हस्तियों को करेगा अलंकृत

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** राष्ट्रीय स्वेच्छिक 'संगठन समाज कल्याण फेडरेशन ऑफ इंडिया' (एस के एफ आई ) देश की प्रतिभाओं को लगातार सम्मानित कर उनके भीतर सकारात्मक प्रेरणा जगाने का उत्कृष्ट प्रयास कर रहा है। इसी कड़ी में आगामी 10 अगस्त को 7वां राष्ट्रीय गौरव सम्मान समारोह आयोजित किया जा रहा है, जिसमें 9 राज्यों- दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, ओडिशा और हरियाणा की 70 हस्तियों को उनके संबंधित क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के आधार पर सम्मानित किया जाएगा।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र बच्चन ने कहा कि इस गौरवशाली परंपरा का हिस्सा बनना एक महत्वपूर्ण अनुभूति है। उन्होंने राष्ट गौरव अवार्ड की घोषणा करते हुए बताया कि यह भव्य समारोह ग्रेटर नोएडा स्थित नॉलेज पार्क-3 स्थित पीआईआईटी कालेज की ऑडिटोरियम में संपन्न होगा। इस अवसर पर संगठन के मुख्य संरक्षक डॉ. भरत सिंह, राष्ट्रीय महासचिव कृष्ण कुमार द्विवेदी, महानिदेशक डॉ. अशोक कुमार, बिहार प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विद्या भूषण श्रीवास्तव और राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष राम स्वरूप भटनागर मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। सम्मान समारोह में अलग-अलग क्षेत्रों में समाज के लिए कार्य कर रही 70 हस्तियों को शिक्षा, साहित्य, स्वास्थ्य, समाजसेवा, पत्रकारिता, कला-संस्कृति एवं महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अलंकृत किया जाएगा।

### प्रशांत किशोर ने सारण में प्रबुद्ध लोगों से किया संवाद

# बोले- 35 सालों से जनता लालू-नीतीश में अटकी है, 5 साल जन सुराज को देख लीजिए, कुछ नहीं हुआ तो बदल दीजिएगा

**दैनिक खोज खबर/छपरा, सारण।** जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने रविवार को सारण के छपरा में प्रबुद्ध लोगों के साथ जन संवाद किया। छपरा के प्रेक्षागृह में समाज के प्रबुद्ध लोगों से संवाद करते हुए उन्होंने कहा कि समाज को गरीबी से निकालने के लिए तीन ही उपाय हैं। शिक्षा, रोजगार और जमीन। बच्चों को शिक्षा देने, युवाओं को रोजगार देने और किसानों को जमीन व खेती से फायदा दिलाने के लिए जन सुराज ने उपाय तैयार कर लिया है। प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार की हालत तब तक नहीं सुधरेगी जब तक नेताओं को हारने का डर नहीं होगा। उन्होंने जनता के सामने उदाहरण देते हुए बताया कि मढ़ौरा का चीनी मिल और अन्य उद्योग एक दिन में बंद नहीं हुए। धीरे-धीरे उनको खत्म किया गया, जबकि वही नेता लोग चुनाव जीतकर विधायक और सांसद बनते रहे। उन्होंने कहा कि आपने 35 साल तक लालू-नीतीश को वोट दिया है। वजह कि कोई विकल्प नहीं मिलता था। अब जन सुराज नया विकल्प बन रहा है। 5 साल के लिए जन सुराज को वोट दीजिए। अगर कुछ नहीं हुआ तो 5 साल बाद सरकार बदल दीजिएगा।

सारण के प्रबुद्ध लोगों से संवाद करते हुए प्रशांत किशोर ने कहा कि जनता की मूल समस्या शिक्षा है। जब तक शिक्षा में सुधार नहीं होगा, तब तक सही रोजगार नहीं मिलेगा। जन सुराज की व्यवस्था बनने पर हर प्रखंड में नेतरहाट जैसे पांच-



पांच स्कूल बनाने का प्रावधान है। इनमें हर प्रखंड में एक-एक स्कूल पहले पांच साल में बना दिए जाएंगे। साथ ही जब तक ऐसे स्कूल नहीं बन जाते, तब तक 15 साल तक की उम्र वाले सभी बच्चों को प्राइवेट स्कूल में शिक्षा दी जाएगी, जिसका खर्च सरकार देगी।उन्होंने कहा कि इसी तरह किसानों को और महिलाओं को सिर्फ 4त्न की दर से लोन दिलाया जाएगा, ताकि वो खेती व अपने बच्चों के शादी-व्याह जैसे जरूरी काम कर सकें।प्रशांत किशोर ने अपने संवाद के आखिर में कहा कि पिछले 50-60 वर्षों से बिहार की व्यवस्था बिगड़ी हुई है। यह तुरंत ठीक नहीं हो सकती। लेकिन हम और आप आज से प्रयास करेंगे, तब जाकर 10 सालों में कुछ सुधार आएगा। आप अच्छे लोगों को वोट दीजिए, चाहे वो किसी भी पार्टी का हो। अगर जन सुराज का भी कैंडिडेट अच्छा न हो तो उसको भी वोट मत दीजिए। इस मौके पर मुख्य रूप से जन सुराज के वरिष्ठ नेता वाई वी गिरि, रामपुकार मेहता, अशोक सिंह, कुलदीप महासेठ, मुन्ना भवानी, जेपी सिंह, अजीत सिंह, सुरेश कुमार सिंह, प्रो. आता साहब, उदय शंकर सिंह, बच्चा राय, ललित तिवारी, कुमार शिवम, नूतन शर्मा, राजनंदन राय, विकास सिंह, पुष्पा सिंह, सत्येन्द्र सहनी, नवनीत यादव, कन्हैया सिंह, मोसाहेब महतो, आनंद मोहन सिंह, उषा देवी सहित अन्य जन सुराज नेता तथा हजारों की संख्या में प्रबुद्ध नागरिक शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन प्रो. योगेन्द्र पांडेय ने किया।

## डोमिसाइल नीति लागू होने से शिक्षक भर्ती परीक्षा की तैयारी में जुटे बिहारी छात्रों को मिलेगा लाभ– राजीव तिवारी

**दैनिक खोज/खबर छपरा।**भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी राजीव तिवारी ने कहा कि बिहार के मुख्यमंत्री नीतिश कुमार ने बिहार के शिक्षक की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए बहुत बड़ी घोषणा की है। डोमिसाइल नीति लागू कर के नीतिश जी ने साबित कर दिया है कि एनडीए हीं बिहार का सही में रहनुमा है।अब शिक्षक भर्ती में बिहार के युवाओं को प्राथमिकता मिलेगी जिससे यहां के छात्रों को आगामी आने वाले शिक्षक बहाली टीआरई-4 और टीआरई- 5 में लाभ मिलेगा। यह बिहार के विकाश के लिए बहुत बड़ी घोषणा है। 2005 से हीं शिक्षा के विकाश के लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। तब से हीं लाखों शिक्षकों की बहाली की गई है।लाखों छात्रो के बहुप्रतीक्षित मांग को आज मुख्यमंत्री ने पुरा कर दिया है। एनडीए की सरकार लगातार बिहार के विकाश के लिए तत्पर है चाहे वो शिक्षा कि बात हो, स्वास्थ की बात हो या विधि व्यवस्था की बात हो। आज बिहार के युवाओं के उज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए मुख्यमंत्री ने अपनी प्रतिबद्धता को साबित किया है कि एनडीए हीं बिहार का विकाश कर सकती है।

## रामबाग गोली कांड का पुलिस ने किया उद्भेदन, जमीनी विवाद में युवक को मारी थी गोली

### घटना में संलिप्त दो आरोपियों को पुलिस ने असलहे के साथ किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के तरैया मसरख से 73 सड़क किनारे स्थित रामबाग घंटी बाबा मंदिर के समीप हुए गोली कांड का पुलिस ने सफल उद्भेदन कर दिया है जमीनी विवाद को लेकर कर सवार आरोपियों ने युवक को गोली मारकर घायल कर दिया था मामले को लेकर डीएसपी मसरख अमरनाथ कुमार ने तरैया थाने में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान उन्होंने बताया कि रविवार की दोपहर करीब 01 बजे तरैया थाने को सूचना प्राप्त हुई कि रामबाग में



घंटी बाबा मंदिर के पास एक व्यक्ति को कुछ लोग गोली मारकर भाग गये। उक्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए तरैया थाना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल पर पहुँचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा घायल व्यक्ति अमित कुमार पाण्डेय, पिता वकील पाण्डेय, ग्राम-तरैया को इलाज हेतु रेफरल अस्पताल तरैया में भर्ती कराया गया। निरीक्षण के क्रम में घटनास्थल से 01 खोखा बरामद किया गया। उक्त घटना के संबंध में घायल व्यक्ति से पूछ-ताछ किया गया तो उसने बताया कि रामबाग में एक जमीन के विवाद को लेकर सोना सिंह उर्फ रितेश सिंह साकिन तरैया एवं विपिन यादव, साकिन-खराटी दोनों उसे घर से बुलाकर लाये और गोली मार दिए। इस घटना के त्वरित उभेदन एवं अभियुक्तों के शीघ्र गिरफ?तारी हेतु वरीय पुलिस अधीक्षक, सारण के निर्देशानुसार पुलिस अधीक्षक, ग्रामीण द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मशरक के नेतृत्व में एक टीम गठित की गई। तत्पश्चात तरैया थाना कांड सं0-241/25 दर्ज कर गठित टीम के द्वारा 04 घंटे के अन्दर दोनों नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया, साथ ही घटना में प्रयुक्त देशी पिस्टल एवं 02 जिन्दा कारतूस भी बरामद किया गया है। वर्तमान में जख्मी अमित कुमार पाण्डेय पीएमसीएच पटना में इलाजरत हैं एवं खतरे से बाहर हैं। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों को छपरा जेल भेज दिया।

## झमाझम बारिश से किसानों में खुशी तो नगर क्षेत्र में जलजमाव से परेशान दिखे लोग

● **दावे की खुली पोल, नपं के मुख्य बाजार क्षेत्र में संपर्क पथ व जल निकासी का खस्ता हाल**

**दैनिक खोज खबर/मढ़ौरा (सारण)।** सावन के महीने में रविवार को हुई झमाझम बरसात का लोगों ने दिल खोलकर कर स्वागत किया है। खेत खिलहानों में पानी के जमा होने से किसानों के चेहरे खिल उठे तो खेतों में लगी धान की फसल को संजीवनी मिल गई। आम से खास तक में पुरे दिन होती रही वर्षा ने राहत दी है। इधर इस वर्षा ने नपं की बरसात पूर्व की व्यवस्था की भी पोल खोल कर रख दी। मुख्य बाजार में नालियों की साफ सफाई



को लेकर हुई लापरवाही साफ दिखी है। नालियों से पानी का निकासी नहीं होने से बाजार के कई हिस्सों नें मुख्य सड़क पर ही एक से डेढ़ फीट पानी का जमाव हो गया है। मढ़ौरा छपरा मुख्य पथ के पुराने डाक घर के पास, पुराने एसबीआई चौक, स्टेशन रोड, सब्जी बाजार, अम्बेदकर रोड जैसी प्रमुख मार्ग पर जल जमाव और कीचड़ लोगों के लिए भारी समस्या बन गया है। स्थिति यह रही की नालियों से पानी के नहीं निकलने पर नालियों से होकर गंदा पानी बाजार के दुकानों में घुसा जिससे दुकानदारों की परेशानी बढ़ गई। वही सड़क से होकर आने जाने वाले राहगीरों को भारी फजीहत उठानी पड़ी। बता दे कि बरसात पूर्व नगर पंचायत के दावे को एक दिन की वर्षा ने पूरी तरह से ध्वस्त कर दिया। यह साफ तौर पर स्पष्ट कर दिया कि नपं की तरफ से नालियों की साफ सफाई को लेकर जो भी बात कही गई थी सभी नकारा साबित हुई है।

### हथियार के साथ वीडियो वायरल करने वाले युवकों पर प्राथमिकी दर्ज, एक गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर/तरैया (सारण)।** थाना क्षेत्र के सरेया बसंत गांव में हथियार लहराते हुए वीडियो और फोटो सोशल मीडिया पर वायरल करने के मामले में पुलिस ने चार युवकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। जिसमें पुलिस ने एक आरोपी सन्नी कुमार सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। मामले में थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह ने बताया कि कुछ युवकों द्वारा हथियार के साथ फोटो और वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल किया जा रहा था, जिससे समाज में दहशत और गुंडागर्दी का माहौल पैदा हो रहा था। वायरल वीडियो की सूचना मिलते ही मामले की जांच कर प्राथमिकी दर्ज की गई। वहीं गिरफ्तार एक आरोपी सन्नी कुमार सिंह जो कि शराब का भी सेवन किया हुआ था। उसके खिलाफ उत्पाद अधिनियम के तहत भी कार्रवाई की गई है। वहीं अन्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

## लायंस क्लब ने मशरक शिवमंदिर में आए श्रद्धालुओं को फल और शर्बत दिया




**दैनिक खोज खबर/ मशरक/छपरा।** सावन के अंतिम सोमवार को सुबह से झमाझम हो रही बारिश के बीच लायंस क्लब ऑफ मशरक द्वारा शिविर लगा शिव भक्तों के बीच फल वितरण किया गया । वही लायंस सदस्यों ने निम्बू चीनी का शर्बत एक हजार से अधिक श्रद्धालुओ को पिलाया। मशरक थाना परिसर के पास एनएच 227क्कए के किनारे अवस्थित रामजानकी शिवमंदिर के मुख्य द्वार पर लायन्स क्लब मशरक द्वारा लगाए गए इस शिविर में मन्दिर में जलाभिषेक कर बाहर निकलने वाले अधिकांश श्रद्धालुओ ने शुद्ध शर्बत एवम फल लेकर घर लौटे। मशरक लायन्स क्लब का पिछले माह गठन हुआ था उसके बाद यह पहला सार्वजनिक सेवा का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमे सभी सदस्यों के उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर में सेवा देने वालो में लायंस क्लब ऑफ मशरक के अध्यक्ष डॉ अवनींद्र शरण सिंह, उपाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, सचिव अमित कुमार, कोषाध्यक्ष रविश कुमार सानू, डॉ जौहर साफ़ियाबादी , सुधांशु कुमार सिंह , डॉ अर्चना सिंह , दीपक कुमार मिश्रा, सुजीत कुमार सौरभ, दिनेश कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, मनीष राज मणि, बबलू कुमार सिंह, हर्षवर्धन सिंह सहित अन्य लायंस थे।

## अखंड अष्ट्याम में शामिल हुए सांसद प्रतिनिधि राकेश सिंह, मठ परिसर में किया वृक्षारोपण



**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर विधानसभा मे छेत्र भर्मण के दौरान भाजपा नेता प्रदेश कार्य समिति सदस्य राकेश सिंह ने बस्ती जलाल के राम जानकी मठ में हो रहे 24 घंटा के अखंड अष्टयाम मे शामिल होकर पूजा किया और मठ के महंत बाबा बालेश्वर दास मठाधीश से आशीर्वाद लिया। साथ ही मठ परिसरमे इस अवसर पर दस वृक्ष लगाया और बाबा को और एक सौ वृक्ष उपलब्ध करवाने की बात कही। इस अवसर पर पूर्व मुखिया हरी सहनी, भाजपा नेता बबलू सिंह, संजय महतो, उमेश भगत, सुरेश राय, राजेंद्र राय, विश्वनाथ मेहता, दौलत शर्मा, शिशुपाल,एल बस्ती जलाल सहित सैकड़ो लोग उपस्थित थे। इस अवसर पर भाजपा नेता राकेश सिंह ने कहा की बिना पेड़ का जीवन नहीं चल सकता, पेड़ हमलोगो के जीवन मे बहुत जरूरी है। इससे हमलोगो को अपने जीवन मे कम से कम एक आदमी को दस पेड़ लगाना चाहिए। इससे पर्यावरण भी सुरक्षित रहता है और जीवन मे कई बीमारी से भी बचाता है। इसलिए हमलोगो को पेड़ जरूर लगाना चाहिए। उपस्थित सभी लोगो ने कहा की बिना पेड़ का जीवन खतरों से पड़ा है, इसलिए जीवन मे पेड़ जरूर लगाना चाहिए।

## अंतिम सोमवारी पर हजारों लोगों ने शिल्हौड़ी मंदिर में किया जलाभिषेक

**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण)।** प्रसिद्ध शिल्हौड़ी शिव मंदिर मे चौथी और अंतिम सोमवारी पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचें। शिव भक्तों? ने भगवान शिव का गंगाजल, बेलपत्र, पुष्प, भांग धतूरा आदि से जलाभिषेक कर अपनी सुख समृद्धि का आशीर्वाद मांगा। मंदिर परिसर बम भोले, जय शिव के जयकारे से गुंजयमान होता रहा। अंतिम सोमवारी पर मंदिर में महिला श्रद्धालुओं की संख्या अधिक रही। अंतिम सोमवारी को लेकर पुलिस प्रशासन मंदिर परिसर में विधि व्यवस्था को लेकर अधिक सक्रिय दिखी। अंतिम सोमवारी पर रिमझिम बरसात भी होती रही, लेकिन बिना इसके परवाह किए शिव भक्त लगातार मंदिर पहुंचते रहे।



**जलाभिषेक के साथ होती रही पूर्णाहुति** –अंतिम सोमवारी पर मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक के साथ-साथ पूर्णाहुति की प्रक्रिया भी पूरी की। पूर्णाहुति को लेकर परिवार के सभी सदस्यों के जमा होने के कारण मंदिर परिसर में भीड़ बनी हुई थी। ऐसी मान्यता है कि सावन महीने में जलाभिषेक के बाद अंतिम समय में पूर्णाहुति की प्रक्रिया भी पूरी की जाती है।इसको लेकर मंदिर पहुंचे श्रद्धालुओं ने पहले जलाभिषेक किया, बाद में पूर्णाहुति की प्रक्रिया भी साथ साथ पूरी की।

## सड़क के बीच सड़क पर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित

महाराजगंज (सिवान)। करीब तीन दिनों से रुक-रुक कर हो रही वर्षा महाराजगंज- तरवारा सड़क के रामेश्वर धाम मंदिर के समीप बीच सड़क पर एक पेड़ गिरने से आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। यहां तक कि दो पहिया वाहन भी निकलना मुश्किल था। लोग वहां से पीछे जाकर महाराजगंज- अफराद सड़क से यात्रा करते देखे गए। वहीं रामेश्वर धाम मंदिर में पूजा अर्चना के लिए भी जाने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। अगल बगल के लोगों ने वन विभाग को सूचना दी। दो घंटे बाद भी वन विभाग की टीम नहीं पहुंच सकी थी।

## दारौंदा में ड्यूटी कर रहे पुलिसकर्मी के साथ मारपीट व दुर्व्यवहार का आरोप

**सीवान।** दारौंदा प्रखंड के बगौरा बाजार चौबाह के समीप शनिवार को ड्यूटी कर रहे 112 पुलिस टीम के चालक के साथ मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस घटना से अफरा-तफरी मच गई। पुलिसकर्मी पर हाथ उठाने की इस वारदात ने पूरे क्षेत्र में आक्रोश पैदा कर दिया है। 112 पुलिस टीम के चालक एमएच नगर थाना क्षेत्र के कोड़र निवासी विपिन कुमार सिंह ने बताया कि उस समय पुलिस टीम कैंप कर रही थी। पास के मंदिर में कुछ लड़कियां पूजा कर रही थीं। इसी दौरान एक ट्रैक्टर-ट्राली और बोलेरो दपनी गांव की ओर मुड़ रहे थे। ट्रैक्टर ट्राली पर बैठे कुछ लड़कों ने लड़कियों पर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। उसने ऐसा करने से रोका तो ट्रैक्टर चालक दपनी निवासी पंकज कुमार महतो अपने चार-पांच साथियों के साथ आया थप्पड़ जड़ दिया। यही नहीं, उनकी गंजी तक फाड़ दी। आरोपित युवक पुलिस टीम पर भी अभद्र टिप्पणी करते हुए भाग खड़े हुए। घटना का वीडियो भी चालक ने रिकार्ड किया है, इसमें आरोपितों की पहचान दिख रही है।

## सीवान –सावन की चौथे व अंतिम सोमवार को जलाभिषेक को ले शिवालयों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**परवेज अख्तर/सीवान।** जिला मुख्यालय समेत ग्रामीण क्षेत्रों के शिवालयों में सावन की चौथे व अंतिम सोमवार को जलाभिषेक के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। इस दौरान हर- हर महादेव, जय शिव, ओम नमः शिवाय आदि जयघोष से पूरा मंदिर परिसर गूंज उठा।श्रद्धालु वर्षा की पानी में भीगते हुए कतार में खड़े होकर भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक किए। इस दौरान महिलाएं हरा वस्त्र, हरी चूड़ियां धारण कर पूजा सामग्री के साथ शिवालय पहुंची तथा भगवान शिव को जलाभिषेक कर सुख समृद्धि की कामना की। कई महिलाओं ने सोमवार व्रत रख भगवान शिव की आराधना की। वहीं मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। साथ ही मंदिरों की आकर्षक सजावट किए गए थे। सुरक्षा के मद्देनजर जगह-जगह मंदिर समिति के सदस्य एवं पुलिस बल तैनात किए गए थे जो श्रद्धालुओं को कतार में खड़ा करा जलाभिषेक में मदद कर रहे थे। वहीं संध्या काल में मंदिर दीपों से जगमग हो उठा। शहर के महादेवा स्थित पंचमुखी शिव मंदिर में दोपहर दो बजे तक करीब 80 हजार से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। इस दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए महादेवा थाना की पुलिस तैनात थी। इसके अलावा शहर के डाक बंगला रोड, मखदुम सराय महावीर शिवमंदिर, श्रीनगर, स्टेशन रोड, फतेहपुर आदि मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ देखी गई। मंदिर परिसर में जलाभिषेक के लिए महिला-पुरुष को कतार में खड़े होने के लिए अलग-अलग बैरिकेडिंग की गई थी। इस दौरान मंदिर परिसर में मेले लगे रहे जहां लोगों ने पूजा सामग्री के अलावा, मिठाई, चाट, खिलौना, गुब्बारा आदि की खूब खरीदारी की।

## मेंहदार में सवा दो लाख श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

सिसवन (सिवान)। प्रखंड के मेंहदार स्थित महेंद्रनाथ मंदिर में दोपहर तीन बजे तक करीब सवा दो लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। मंदिर के प्रधान पुजारी तारकेश्वर उपाध्याय ने बताया कि यहां रविवार की रात से ही श्रद्धालु पहुंचना शुरू कर दिए थे और आधी रात होते ही कमलदाह सरोवर में स्नान कर मंदिर में बने अरघा में जलाभिषेक कर भगवान शिव से सुख समृद्धि की कामना की। मौके पर मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस बल की तैनाती की गई थी।

## सोहागरा में एक लाख तो चकरी में 80 हजार श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

**गुठनी (सिवान)।** प्रखंड के सोहागरा स्थित बाबा हंसनाथ शिव मंदिर में सोमवार की दोपहर तक करीब एक लाख से अधिक श्रद्धालु जलाभिषेक कर चुके थे। यहां बिहार एवं उत्तर प्रदेश के कई जिले के श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। हर-हर महादेव के जयघोष से पूरा वातावरण गूंज उठा। वहीं दरौली थाना क्षेत्र के चकरी धाम स्थित सिद्ध गुफा योगाश्रम में स्थापित विशालकाय शिवलिंग के दर्शन व जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी रही। यहां जलाभिषेक के बाद श्रद्धालुओं ने प्रसिद्ध मां पारंबा भगवती का दर्शन व पूजन किया। मंदिर के महंत महामंडलेश्वर रघुनाथ दास महाराज ने बताया कि करीब 80 हजार श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक किया है।

## अनंतधाम में 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक

जीरादेई (सिवान)। प्रखंड के अकोल्ही स्थित अनंतधाम में करीब 60 हजार से अधिक श्रद्धालुओं द्वारा जलाभिषेक किया गया था। यहां कई श्रद्धालु सरयू नदी से जल भरकर कांवर लेकर पहुंचे थे तथा बोलेनाथ का जलाभिषेक किए।

## बड़हरिया - दीवार गिरने से पिता–पुत्री की मौत, पुत्र घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के कैलगढ़ पंचायत के मलिक टोला में रविवार की देर शाम घर की दीवार गिरने से पिता-पुत्री की मौत हो गई जबकि पुत्र आंशिक रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान कैलगढ़ पंचायत के मलिक टोला निवासी बसीर मियां के पुत्र जहीरुद्दीन मियां (50) व उसकी पुत्री सानिया खातून (सात) के रूप में हुई है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।

बताया जाता है कि रविवार की देर शाम जहीरुद्दीन मियां अपने परिवार के साथ अपने घर में बैठकर स्वजनों से बात कर रहे थे तभी घर का दीवार गिर गया। इस दौरान दीवार से दबने से पुत्री सानिया खातून की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि जहरुद्दीन मियां को गंभीर चोट लगी, जबकि उनका पुत्री सोनू अली को हल्की चोट लगी है। स्वजन आसपास के लोगों की मदद से दोनों घायल पिता-पुत्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां चिकित्सक द्वारा जहीरुद्दीन मियां को मृत घोषित कर दिया जबकि उनके पुत्र सोनू अली को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। वहीं इस घटना में दीवार से दबने से जहीरुद्दीन की दो बकरी और तीन मुर्गी की भी मौत हो गई। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।

## सीवान जंक्शन पर चोरी के दो मोबाइल व चाकू के साथ एक चोर गिरफ्तार



**परवेज अख्तर/सीवान।** जंक्शन के प्लेटफार्म नंबर एक पर स्थित पुरुष प्रतीक्षालय से एक यात्री का मोबाइल चोरी कर भाग रहे चोर को आरपीएफ व जीआरपी ने संयुक्त रूप कार्रवाई करते हुए पकड़ लिया। गिरफ्तार चोर के पास से टीम ने दो चोरी की मोबाइल व चाकू को बरामद किया है। गिरफ्तार गोपालगंज जिला के जादोपुर थाना क्षेत्र के नवादा रजोखार निवासी ओम प्रकाश राम है। टीम ने गिरफ्तार चोर से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। इस मामले में आरपीएफ इंस्पेक्टर सुभाष चंद्र यादव ने बताया कि गठित टास्क टीम, आरपीएफ व जीआरपी जंक्शन पर निगरानी कर रहे थे। निगरानी के दौरान देखा कि जंक्शन के प्लेटफार्म संख्या एक पर स्थित पुरुष प्रतीक्षालय से रेलयात्री गोपालगंज जिले के बरौली थाना क्षेत्र के मोगल बिरैचा निवासी इरफ़ान अली का मोबाइल चार्जिंग में लगाने के दौरान ओमप्रकाश राम मोबाइल चोरी कर भाग रहा है। भाग रहे चोर को टीम ने पकड़ लिया। उसके पास दो मोबाइल व एक चाकू को बरामद किया गया। उसे गिरफ्तार कर पोस्ट लाया गया। गिरफ्तार ओम प्रकाश राम से पूछताछ की गई। बरामद सामान की अनुमानित कीमत लगभग 60 हजार रुपया है।

# सावन महोत्सव सीजन चार का हुआ आयोजन



**परवेज अख्तर/सीवान।** शहर के मीरगंज रोड स्थित वाटिका में रविवार को आराध्या पीपल्स फाउंडेशन एवं आराध्या चित्रकला द्वारा आयोजित सावन महोत्सव सीजन चार का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएसपी सुनील कुमार, वंदना सिंह रहे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रोफेसर रवींद्र नाथ पाठक, कृष्ण कुमार सिंह, आयोजक रजनीश कुमार, संजू मौर्य, अमन अरोड़ा, हेमंत कुमार, सुनीत रंजन, माधुरी देवी, भगवान पांडेय, राजीव रंजन शर्मा, शंभू सोनी, अभिषेक साहू, रानी साहू आदि द्वारा दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई तत्पश्चात मेहंदी प्रतियोगिता का प्रारंभ किया गया, मेहंदी प्रतियोगिता के बाद मनोरंजन खेल में सकीना खातून, प्रियांशु कुमारी, नीलू गुप्ता, कुमकुम कुमारी को चयनित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मेहंदी रचना, खेल, सावन नृत्य, गायन आदि सांस्कृतिक कला की प्रस्तुति की गई, जिसमें उत्कृष्ट परिधान और सौंदर्य सज्जा को लेकर सावन क्वीन 2025 की उपाधि सानिया सोनी तथा उत्कृष्ट मेहंदी रचना में मेहंदी क्वीन 2025 की उपाधि रिंकू कुमारी को दी गई, वहीं अनु कुमारी, कैसरी खातून, सूफियानाज, शगुफ्ता नाज, इशरत जहां पांच मेहंदी कलाकार को श्रेष्ठतम मेहंदी से सम्मानित किया गया, इसी के साथ-साथ 20 अन्य मेहंदी कलाकार को गिफ्ट देकर सम्मानित किया गया। अतिथि के रूप में आए डा. के कुमार, डा.. रीता कुमारी, डा. रामेश्वर सिंह, डा. शिखा गुप्ता, अश्वनी शर्मा आदि को सम्मानित किया गया। मंच संचालन अनोखी कुमारी और साक्षी ने किया। गायन के रूप में शंभू सोनी, प्रिया पंडित, ने डुएट गीत प्रस्तुत किया। वहीं नीति कुमारी ने सत्यम शिवम सुंदरम गीत से लोगों का मनमोहन लिया। सिंगर अविनाश ने किशोर कुमार की आवाज में गीत गा कर लोगों की खूब तालियां बटोरी, स्टार हापर्स डांस एकेडमी द्वारा छोटे बच्चों के डांस प्रस्तुत किए गए जो कलाकार मेधावी, श्रेया, खुशी, माही, आर्या , मिताली, मानसी, शिवांश, अर्पित, शिवम आदि थे।

## खुली नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल, डूबे आधा दर्जन से अधिक मोहल्ले

**सिवान।** जिले में शनिवार की शाम से सोमवार की दोपहर तक लगातार हुई झमाझम वर्षा से जहां लोगों को गर्मी से राहत मिली है वहीं मौसम सुहावना हो गया है। जिले का अधिकतम तापमान 30 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।दूसरी ओर शहर समेत ग्रामीण क्षेत्रों की सभी सड़कों पर जलजमाव से लोगों को आवागमन में परेशानियों का सामना करना पड़ा है। वर्षा ने जहां किसानों के चेहरों पर रौनक ला दी है, वहीं शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र पानी-पानी हो गया है। इससे जनजीवन भी पूरी तरह से अस्त-व्यस्त हो गया है। खेतों में लबालब पानी भर जाने के कारण किसान धान की रोपनी में युद्धस्तर पर जुट गए हैं। तीन दिनों की वर्षा ने नगर परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी है। पूरे शहर में जलजमाव की स्थिति बन गई है। नगर परिषद क्षेत्र के करीब आधा दर्जन मोहल्लें पानी से डूब गए है। इन मोहल्लों की गलियों में लबालब पानी जमा हो गया है। यहीं नहीं इन मोहल्लों में नालियां भी जाम हो चुकी हैं और सड़कों, घरों और दुकानों में पानी घुस गया है। इससे लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शहर के मखदुम सराय, स्टेशन रोड, अस्पताल मोड़ से बबुनिया रोड, एमएम कालोनी, फतेहपुर बाइपास रोड, शांति वट वृक्ष से डीएवी मोड़, सलेमपुर महादेवा रोड, तरवारा मोड़, राजेंद्र पथ सहित नई बस्ती महादेवा, आनंद नगर, लक्ष्मीपुर आदि मोहल्लों की स्थिति काफी दयनीय हो गई है।

## एससी/एसटी एक्ट के तहत कनीय विद्युत अभियंता के विरुद्ध प्राथमिकी

- **कनीय विद्युत अभियंता गुठनी के खिलाफ एसडीएम सदर और अवर सचिव विद्युत ने दिया है जांच का आदेश**

**परवेज अख्तर/सीवान।** कनीय विद्युत अभियंता विद्युत आपूर्ति शाखा गुठनी संतोष सावंत पर गुठनी थाना क्षेत्र के चितविसरांव निवासी अनुराग पासवान ने जातिसूचक शब्द का इस्तेमाल करने व मारपीट करने को लेकर एससी/एसटी थाना सिवान में प्राथमिकी कराई है। इस संबंध में पीड़ित ने बताया कि नौ मई 2025 को बिजेंद्र मिश्रा सहित दो लोग बिजली विभाग की तरफ से मीटर लगाने आए थे। उनके द्वारा मीटर लगाने के लिए 2500 रुपये की मांग की गई, लेकिन मेरे द्वारा मना करने पर उन्होंने मेरे घर पुराना मीटर लगा दिया। जब मैंने इसकी शिकायत कनीय विद्युत अभियंता गुठनी से की तो उन्होंने विद्युत कार्यालय गुठनी पर आने को कहा। मैं उनके कार्यालय गया और वहां की वस्तु स्थिति बताते हुए नया मीटर लगाने को कहा तो वे बोले कि रुपये देने पर ही मीटर लगाने की बात कहने लगे। मैंने मना किया तो कनीय विद्युत अभियंता संतोष सावंत अपने सात अन्य साथियों के साथ अपशब्द भाषा का प्रयोग करते हुए मुझे मारपीट कर बाहर निकाल दिए। उन्होंने कहा कि जहां जो करना है कर लो कोई मेरा कुछ नहीं कर पाएगा। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी और अवर सचिव नार्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड को लिखित में शिकायत दर्ज कराई। इस पर उक्त अधिकारियों द्वारा संज्ञान लिया गया है। शिकायत में इन्होंने कहा था कि जेई संतोष सावंत द्वारा प्रखंड क्षेत्र में अपने पद का पूरा दुरुपयोग किया जा रहा है।

## शहर में हुआ सावन महोत्सव का आयोजन

**दैनिक खोज खबर/सिवान।** रविवार को शहर के भगवान पैलेस में सावन महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक रंगों से सराबोर नृत्य और गीतों की प्रस्तुति दी गई। वहीं मेहंदी रचो प्रतियोगिता और अन्य रोचक खेल प्रतियोगिता भी हुई। इस कार्यक्रम में न केवल महिलाओं को एक मंच प्रदान किया, बल्कि पारंपरिक भारतीय लोक संस्कृति और त्योहारों की समृद्ध विरासत को भी जीवंत कर दिया। सावन महोत्सव के दौरान आयोजित सौंदर्य प्रतियोगिता में शालिनी गुप्ता को सावन क्वीन घोषित किया गया। जिन्हें ताज पहनाकर सम्मानित किया गया। सावन महोत्सव में महिलाओं ने विभिन्न प्रकार के खेलकूद में भाग लिया। जिसमें मृणालिनी विजेता बनीं। रैंप शो में रितिका और मेहंदी क्वीन में नाहिदा विजेता बनी। वहीं लड़कियों को सम्मानित किया गया। सभी महिलाओं ने रंग-बिरंगे परिधानों में खूब ठुमके लगाए और कार्यक्रम में खूब मस्ती की। कार्यक्रम के आयोजक अमित कुमार गुप्ता ने कहा कि सावन के पावन महीने में भगवान शिव की भक्ति हो या सावन महोत्सव, महिलाओं में उमंग देखने को मिलता है। आयोजन को सफल बनाने में अनमोल कुमार, सुमित कुमार, अनुजा गुप्ता, अनुष्का गुप्ता, सूरज कुमार, अमित कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक छात्र की मौत

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के लकड़ी- सिवान मुख्य मार्ग पर सुहावन हाता गांव के समीप आजाद मोड़ पर ट्रैक्टर की चपेट में आने से बाइक चालक छात्र की मौत हो गई। मृतक की पहचान थाना क्षेत्र के रोहड़ा निवासी डा. अमिर के 17 वर्षीय पुत्र हर्षित कुमार के रूप में हुई है। बताया जाता है कि हर्षित कुमार सिवान महावीरी स्कूल में कक्षा 12 में पढ़ता था। वह सोमवार की सुबह बाइक से कोचिंग करने जा रहा था तभी लकड़ी-सिवान मुख्य मार्ग पर सुहावन हाता गांव के समीप आजाद मोड़ पर सामने से आ रहे ट्रैक्टर से धक्का लगने से घायल हो गया। स्वजन उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जा रहे थे तभी रास्ते में उसकी मौत हो गई। वहीं घटना पर पहुंची पुलिस घटना की जानकारी ली तथा शव का पोस्टमार्टम कराने की तैयारी में जुट गई, लेकिन स्वजन पोस्टमार्टम कराने से इन्कार करते लेकर चले गए। बताया जाता है कि हर्षित अपने माता-पिता का इकलौता संतान व दो बहनों में एकलौता भाई था। उसे दो बहनें है इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा ने बताया कि घटना के बाद स्वजनों से आवेदन लिया जाएगा और उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीवान- पति ने अपने पत्नी, मां व पुत्र को धारदार हथियार से वारकर कर किया घायल

**परवेज अख्तर/सीवान।** मुफस्सिल थाना क्षेत्र के नौवापाली गांव में रविवार को एक व्यक्ति ने अपने पत्नी, मां व पुत्र को धारदार हथियार से वार कर कर घायल कर दिया। सभी पर जानलेवा हमला करने के बाद उसने स्वयं को भी घायल कर लिया। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया, जहां सभी घायलों का इलाज हुआ। इधर अस्पताल में जैसे ही हमलावार को इसकी जानकारी हुई कि पुलिस जांच को अस्पताल में आ रही है वह फरार हो गया। घायलों की पहचान उक्त गांव निवासी अरविंद, उसकी मां पार्वती देवी, पत्नी सुमन देवी व पुत्र निरंजन कुमार के रूप में हुई है। घायल सुमन देवी व निरंजन की स्थिति गंभीर को देखकर डाक्टरों उन्हें पटना रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार अरविंद व उसकी पत्नी सुमन देवी में किसी बात को लेकर विवाद हुआ। विवाद के बाद अरविंद घर से बाहर चल गया। कुछ ही देर में वह एक धारदार हथियार लेकर आया और पहले अपनी पत्नी पर वार कर उसे घायल किया और बीच बचाव करने आए उसकी मां और अपने पुत्र पर हमला कर उन्हें घायल कर दिया।

## बोलेरो से 50 कार्टन शराब बरामद

**सिवान।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अमलोरी बाजार से एक बोलेरो से 50 कार्टन शराब को बरामद की है। वहीं दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार मैरवा थाना क्षेत्र के श्रीनगर निवासी प्रिंस कुमार व नवका टोला निवासी मो. आमीर है। दोनों से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक कुमार ने बताया कि टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि अमलोरी बाजार के रास्ते एक बोलेरो से शराब आ रहा है। सूचना पर एएसआई विरेंद्र कुमार ने वाहन जांच कर एक बोलेरो को रोक गया। जांच के क्रम में बोलेरो से 50 कार्टन शराब बरामद हुआ। गिरफ्तार दोनों तस्कर प्रिंस व मो. आमीर से पूछताछ कर जेल भेज दिया गया।

## स्मैकरों ने बाइक छीनी, जांच में जुटी पुलिस

असांव(सीवान)। थाना क्षेत्र के कशिला गांव के समीप रविवार की रात एक यूट्यूबर को स्मैकरों ने चाकू का भय दिखा उसकी बाइक छीन ली। पीड़ित की पहचान असांव थाना क्षेत्र के तियर निवासी संजीत कुशवाहा के रूप में हुई है। बताया जाता है कि संजीत कुशवाहा पतार से अपने घर लौट रहे थे। उसी दौरान पहले से घात लगाए बैठे स्मैकरों ने चाकू दिखाकर उनसे बाइक छीन ली। संजीत कुशवाहा द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण एकत्रित तब तक सभी स्मैकर फरार हो गए। ग्रामीणों ने बताया कि इस रोड में हमेशा स्मैकर घूमते रहते हैं। आने जानेवाले लोगों को डरा-धमका कर घटना को अंजाम देत हैं। इस सबंध में प्रभारी थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने बताया कि घटना की सूचना मिली है। आवेदन मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## सीवान- बंदी की मौत मामले में मुख्य उच्च कक्ष पाल सहित दो पदाधिकारी सस्पेंड

**परवेज अख्तर/सीवान।** मंडल कारा में दो अगस्त की दोपहर बंदी सह मुफस्सिल थाना क्षेत्र के मोहद्दीपुर निवासी असलम मियां के पुत्र फैज अली उर्फ बिहारी की मौत हो गई थी। मामले में काराधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने कार्य में लापरवाही मानते हुए मुख्य उच्च कक्ष पाल व उच्च कक्ष पाल को सस्पेंड कर दिया है। जबकि उपाधीक्षक कारा पर अनुशासनिक कार्रवाई हेतु मुख्यालय अनुशंसा की है। इस घटना से बंदियों में दहशत का माहौल कायम है। काराधीक्षक देवाशीष कुमार सिन्हा ने बताया कि बंदी की मौत मामले में मुख्य उच्च कक्ष पाल दिवाकर झा व उच्च कक्ष पाल विश्वजीत कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है साथ ही कारा उपाधीक्षक को स्पष्टीकरण मांगा गया था। इसके बाद कारा उपाधीक्षक पर अनुशासनिक कार्रवाई हेतु मुख्यालय अनुशंसा की गई है। बताया कि उक्त घटनाक्रम की जांच प्रक्रियाधीन है।--

-------------

